## महत्वपूर्ण एवं खास

### व्हीटीपी पाठ्यक्रम में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक साल्यूशन पावर)का नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में 23 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षणार्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति अथवा एक छायाप्रति के साथ दो पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इलेक्ट्रिशियन भागवत वर्मा मोबा.नंबर 97536-99579 से संपर्क कर सकते है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबा.नं 9752658995 एवं 7000598379 से संपर्क कर सकते हैं।

### अनवरत वर्षा से खेत खलिहानों में आई हरियाली, किसानों के चेहरे खिले

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी सहित प्रदेश भर में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जहां खेतों में पानी भरने से हरियाली का माहौल बन गया है। वहीं खेती किसानी के कामों में तेजी आई है। ज्ञातव्य है कि इस बार मानसून के विलंब से आने के कारण किसानों के चेहरों में पिछले कुछ दिनों से तनाव देखा जा रहा था। लगातार हो रही बारिश से जहां पशु पक्षी प्रसन्नचित दिखाई दे रहे है। वहीं पानी गिरने से किसानों के चेहरों में भी रौनक आई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून की द्रोणिका छत्तीसगढ़ से गुजरने के कारण आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा प्रदेश भर में दर्ज होने की संभावना है।

### रायगढ़ जिले में 343.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 जुलाई तक 343.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 52 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 417.6 मिली मीटर, पुसौर में 487.6, खरसिया में 320.3, सारंगढ़ में 525, बरमकेला में 362.5, घरघोड़ा में 275, तमनार में 399.7, लैलूंगा में 275.2, धरमजयगढ़ में 200.9, सरिया 250 एवं छाल तहसील में 269 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एक ही इलाके में 17 लोग निकले कोरोना संक्रमित

**भिलाई (आरएनएस)।** दुर्ग जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार 14 जुलाई को मात्र 915 लोगों का सैंपल लिया गया। इसमें 81 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। संक्रमितों में बीएसपी टाउनशिप से 17 लोग शामिल हैं। दुर्ग सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम ने बताया कि जिले में 81 नए संक्रमित मिलने के बाद यहां की पॉजिटिविटी दर बढक़र 8.8%पहुंच गई है।

# बेटी की चरित्र पर शंका कर पिता ने डंडे से मारकर की हत्या, गिरफ्तार

- पुलिस को गुमराह करने आरोपी मृतिका के पहने जींस को उतारकर शव को झाड़ियों में छिपाया
- आरोपी पिता के द्विभाषी कथनों से पुलिस को हुआ संदेह, मर्ग जांच में हुआ हत्या का खुलासा
- कापू थाना प्रभारी ने आरोपी को हत्या व साक्ष्य छिपाने के आरोप में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 14.07.2022 को थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कवई जमरगा में एक कोरवा युवती का शव नदी किनारे शमशान न घर के पास अर्द्धनग्न अवस्था में मिलने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर अपने स्टाफ के साथ तत्काल मौके के लिये रवाना हुये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर एसडीओपी धरमजयगढ़/ सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा भी घटनास्थल के लिये रवाना हुये। ग्राम कवई जगरगा पहाड़ी पर बसा गांव है, जहां नदी किनारे शमशान घाट पर गांव की 14 वर्षीय कु.चम्पा कोरवा का शव मिला था। कापू पुलिस पंचानामा कार्यवाही जांच में जुटी हुई थी। मृतिका की मां तथा ग्रामवासी मृतिका के पिता शनिराम कोरवा पर ही नाबालिग की हत्या की शंका कर रहे थे, क्योंकि एक दिन पहले गांववालों को शनिराम कोरवा लड़की चम्पा (मृतिका) को 11 तारीख को रथ के दिन से गायब होना बताया था और जब लड़की को ढूंढने निकले तो एकाएक लड़की का शव उसे मिल गया है। कापू थाना प्रभारी संदेही शनिराम कोरवा से हिकम्मत-अमली से पूछताछ किये तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर दिनांक 11.07.2022 की रात्रि शमशान घाट के पास एक लड़के के साथ देखकर लड़की गांव, समाज में बदनाम करायेगी कहकर डंडे से मारकर उसकी हत्या करना कबूल किया और स्वयं ही उसके बेटी के पहने जींस को उतार कर हत्या को अन्य रूप देने का प्रयास करना बताया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** घटना के संबंध में दिनांक 14.07.2022 को शनिराम कोरवा थाना आकर मौखिक मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि मृतिका कु.चम्पा कोरवा इसकी पुत्री दिनांक 11/07/22 के रात्रि 10/00 बजे से बिना बताये कहीं चली गयी थी जो खोजबीन के दौरान आज दिनांक 14/07/22 के 8/00 बजे ग्राम जमरगा शमशान घाट के पास गड्ढे में उसका शव मिला ,मृतिका की मृत्यु किस कारण से हुई है मुझे नहीं मालूम है।

घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को गवाह बताये कि लड़की चम्पा गांव में 2-3 रोज से नहीं दिखने पर उसके पिता को पूछे तो बताया कि उसकी मां के साथ मां के मायके गांव पेठ गई है। गांव का राजू महाराज शनिराम कोरवा के साथ ग्राम पेठ शनिराम के ससुराल गया था। उसकी पत्नी लड़की चम्पा को साथ नहीं आना बताई। तब शनिराम की पत्नी और राजू महाराज को शनिराम कोरवा की बातों पर शंका हुआ, शनिराम कोरवा गांव में लड़की को ढूंढेंगे कहकर ग्राम पेठ से वापस गांव जमरगा आ गया। दूसरे दिन गांववालों के साथ लड़की को ढूंढने निकाला और कुछ ही देर में आकर बताया कि लड़की का शव शमशान घाट के पास मिला है। तब गांववालों को भी उस पर शंका हुआ। संदेही शनिराम कोरवा से कड़ी पूछताछ में अपराध स्वीकार किया है।

आरोपी शनिराम कोरवा अपने इकबालिया बयान में बताया कि उसके 5 बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी बसंती का शादी हो चुका है जो मायके ग्राम जमरगा में ही रहती है। दूसरे नम्बर की लड़की चंपा कोरवा 14 साल की है। वह घर पर रहती है, चंपा गांव के कई लड़कों के साथ बातचीत करती थी और उनसे मिलने भी चली जाती थी जिसे मना किया था पर नहीं मानती थी। दिनांक 11/07/2022 को गांव के रथ यात्रा में घर के सभी लोग रथ देखने गए थे। रथ मेला में पत्नी के साथ झगड़ा हुआ तो पत्नी अपने मायके ग्राम पेठ अकेले चली गई। सभी बच्चे घर पर थे रात्रि करीब 10:00 बजे छोटी लड़की चंपा घर से निकली कुछ देर बाद बड़ी लड़की बसंती आकर बताई की लड़की चंपा को किसी लड़के के साथ शमशान घाट पर देखी है। तब घर से डंडा लेकर निकला और शमशान घाट के पास चंपा को एक लड़के के साथ देखा, लड़की के पास आता देख लड़का भाग गया। चम्पा को गांव, समाज में हमारा इज्जत लेगी कहकर गुस्से में हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से चंपा के सिर में कई बार मारा, चम्पा वही गिरकर बेहोश हो गई, कुछ देर बाद उसकी सांसे बंद हो गई। तब घबरा गया और हत्या को अन्य रूप देने उसके पहने हुए जींस पैंट को निकाल कर झाड़ी वाले गड्ढे में जींस और डंडा को छुपा दिया था और घर आकर बताया कि लड़की शमशान घाट के पास नहीं दिखी है। आरोपी के इकबालिया बयान पर घटना में प्रयुक्त डंडा व मृतिका का जींस पैंट गांववालों के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया है। कापू पुलिस मर्ग जांच पर आरोपी शनिराम कोरवा पिता भगत राम कोरवा उम्र 40 वर्ष सा.कवई जमरगा थाना कापू जिला रायगढ़ के विरूद्ध धारा 302, 201 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अंधे कत्ल का शीघ्र खुलासा कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजने में थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक बृज किशोर गिरी, आरक्षक सुखदेव राठिया, महिला आरक्षक मंगरिता पैंकरा की अहम भूमिका रही है।

# 75 दिनों तक सभी टीकाकरण केंद्रों में निशुल्क लगाए जाएंगे प्रीकॉशन डोज

- कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव
- नि:शुल्क कोविड वैक्सीनेशन का बूस्टर डोज़ कार्यक्रम प्रारंभ
- 18 से 59 वर्ष के लोगों को लगाया जाएगा नि:शुल्क वैक्सीनेशन का बूस्टर डोज




**सूरजपुर (आरएनएस)।** 15 जुलाई से 18 से 59 वर्ष के लोगों को जिनका दूसरा डोज लगाने के पश्चात 6 माह हो गये है उन्हे कोविड वैक्सीनेशन का बूस्टर डोज़ सरकारी संस्था मे लगाया जायेगा। इस संबंध में कोविड वैक्सीन नोडल अधिकारी डॉ. अजय मरकाम ने बताया कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में निर्णय लिए गये हैं जिसमें 18 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के सभी लाभार्थीयों का प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण 15 जुलाई 2022 से सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों में नि:शुल्क प्रारंभ किया जा रहा है। लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण के द्वितीय डोज लेने के 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण होने पर ही प्रिकॉशन डोज हेतु पात्र होंगे। यह अभियान 15 जुलाई 2022 से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर 2022 (75 दिन) तक चलाया जायेगा। कोविड-19 टीकाकरण को बढ़ाने हेतु विशेष कोविड-19 टीकाकरण सत्र का आयोजन बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, औद्योगिक क्षेत्र, स्कूल एवं कॉलेजों आदि में किया जायेगा।

उन्होने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण सिर्फ कोविन पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। डॉ. मरकाम ने पात्र हितग्राहियों को प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण कराने अपील की है।

# प्लांट के मेंटनेंस यार्ड से टायर चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 2 नए ट्रेलर के टायर जब्त, प्लांट के कर्मचारी हैं तीनों आरोपी



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दिनांक 15.07.2022 को थानाक्षेत्र अन्तर्गत वेजरान इण्ड्रस्ट्रीज कम्पनी के मेंटेनेंस यार्ड से चोरी गये 02 नग APOLLOX-7 टायर के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी कम्पनी में क्रेन ऑपरेटर तथा मजदूरी का काम करत थे।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 14.07.2022 को वेजरान इण्ड्रस्ट्रीज चिराईपानी में स्टोर कीपर का काम करने वाले दीपक कुमार जैन (उम्र 40 वर्ष) द्वारा दिनांक 11.07.2022 की रात प्लांट के मेंटेनेंस यार्ड से 2 नग APOLLOX-7 टायर किमती करीब 38000 रूपये को अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379, 457 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना पूंजीपथरा के सहायक उपनिरीक्षक आशिक रात्रे अपराध की कायमी कर हमराह स्टाफ के साथ मौके पर जांच के लिये पहुंचे। प्लांट में ट्रेलर का डाला बनाये जाने का काम किया जाता है। मौका निरीक्षण से मेंटनेस यार्ड से चोरी में प्लांट के ही कर्मचारी का हाथ होना प्रतीत हो रहा था, जिस पर कर्मचारियों से बारीकी से पूछताछ कर मुखबिरों से जानकारी लिया गया। इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा प्लांट में काम करने वाला तौकीर खान वर्तमान निवास चिराईपानी पूंजीपथरा को रात्रि प्लांट के बाहर संदिग्ध घूमते हुए देखना बताया। संदेही तौकीर खान को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 2 नग अपोलो X7 टायर को अपने दो दोस्त अमर राजभर और मुकेश चौहान के साथ चोरी कर झाड़ियों में छिपाकर रखना बताया। आरोपी तौकीर खान से मिली जानकारी पर उसके दोनों साथियों को भी हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग अपोलो X7 टायर कीमती 38,000 रुपए बरामद कर चोरी के उपरोक्त अपराध में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, आरक्षक विद्या सिदार, वीरेंद्र कंवर और कल्याण सिंह की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी -

(1) तौकीर खान पिता वकील खान उम्र 25 साल निवासी लखना थाना गढ़वा जिला गढ़वा झारखंड हाल मुकाम चिराईपानी थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़

(2) अमर राजभर पिता दीनदयाल राजभर उम्र 22 साल निवासी राजगांव खरौनी, थाना बांसडीह जिला बलिया उत्तर प्रदेश हाल मुकाम चिराईपानी थाना पूंजीपथरा

(3) मुकेश चौहान पिता कृपा राम चौहान उम्र 22 साल निवासी लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़

# 4 मोटर सायकल के साथ चोर गिरफ्तार

- इंदिरानगर चौंक पर ग्राहक तलाश करते वक्त आया कोतवाली पुलिस के हाथ



**रायगढ़।** दिनांक 15/07/2022 को टाउन पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिला कि एक युवक इंदिरानगर चौक के पास मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक तलाश रहा है। थाना प्रभारी को मुखबीर द्वारा युवक के घरघोड़ा के होने तथा उसके पास रखी मोटरसाइकिल चोरी का होने का संदेह जताया। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से स्टॉफ भेज कर तस्दीक करने का निर्देश दिया गया। कोतवाली स्टाफ इंदिरानगर चौक में संदेही युवक को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया, पूछताछ में युवक अपना नाम दिनेश यादव ग्राम बटुरा कछार थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल को चोरी की होना बताया जिसे थाने लाया गया। आरोपी युवक से दुपहिया चोरी के संबंध में कड़ाई से विस्तृत पूछताछ करने पर रायगढ़ शहर के विभिन्न स्थानों से दुपहिया चोरी कर केवड़ाबाडी बस स्टैंड के पीछे दुर्गा मंदिर के पास चोरी की 2 दुपहिया को छिपा कर रखना बताया। आरोपी के निशानदेही पर (1) टीवीएस स्टार सिटी सीजी 12 एच- 6192 (2) टीवीएस जेड 4 एस 125 सीसी सीजी 13 एम- 9372 (3) पल्सर नीला रंग नंबर ओ.आर. 14 एम- 5606 (4) एक मेस्ट्रो स्कूटी सफेद रंग सीजी यू.जी.- 6319 जुमला कीमती करीब 2,00,000 का जप्त कर आरोपी के पास रखी मशरूका चोरी का होने के युक्ति युक्त संदेह पर आरोपी दिनेश यादव पिता इतवार यादव उम्र 20 वर्ष निवासी बटुरा कछार थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजनों को दी गई है। आरोपी को आज दिनांक 15/07/2022 को सीजेएम न्यायालय रायगढ़ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी एवं बाइक की बरामदगी में कोतवाली टीआई मनीष नागर, प्रधान आरक्षक अनंत तिवारी, आरक्षक उत्तम सारथी और कमलेश सागर शामिल थे।

# गोबर बेचकर कमाए 73 हजार रूपये से अधिक, किया खुद का व्यवसाय प्रारंभ

- चिंता गिरी की चिंता हुई दूर, गोधन न्याय योजना बना सहारा



**रायगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन में महती भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण एवं शहरी अर्थव्यवस्था को ध्यान में रख कर बनाई गई शासन की योजनाओं के फलस्वरूप आज ग्रामीण एवं शहरी अंचल में लोगों को रोजगार और उनके आय में वृद्धि के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। इन योजनाओं से युवा, महिलाओं एवं किसान सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला किरोड़ीमल नगर पंचायत की चिंता देवी गिरी के जीवन में, जिन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना का लाभ लेकर खुद का फल व्यवसाय प्रारंभ कर चुकी है। इसके साथ ही एक अन्य व्यवसाय को विस्तार दे रही है।

रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर पंचायत में निवासरत चिंता देवी गिरी भी उनमें से एक है जिन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अतिरिक्त आय का जरिया निर्मित कर परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग प्रदान कर रही है। चिंता गिरी ने बताया कि पूर्व में लोग गाय के गोबर को बाहर फेंक दिया जाता था। जिसकी कोई कीमत नहीं होती थी। आज उस गाय के गोबर को गोधन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत उस गोबर को बेच कर लगभग 73 हजार 400 रूपये की कमाई की जो कि उनके लिए यह एक बहुत बड़ी धन राशि थी। वर्तमान में आज उस धन राशि का उपयोग कर वह अपने द्वारा निजी व्यवसाय प्रारंभ किया है। वह आज किरोड़ीमल नगर में फल की दुकान खोलकर फलों का व्यवसाय कर रही है। जिनसे उनका लगभग प्रतिमाह 10 से 15 हजार रुपए अतिरिक्त आय प्राप्त होता है। फल व्यवसाय से मिले अर्जित आय से आज वे एक अन्य व्यवसाय प्रारंभ की है जिसमें वह घरेलू दैनिक उपयोग की चीजों का सामान रखी हुयी है। वह व्यवसाय को वृहद स्तर पर करने का प्रयास कर रही है, जिसमें उनके परिवार के सदस्य भी उनका सहयोग कर रहे है। सच्ची मेहनत और लगन से काम करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। गिरी की सफलता ने अन्य महिलाओं के लिए मिसाल कायम कर रही है। चिंता गिरी ने आजीविका विकास के लिए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# बीजापुर : बाढ़ से ताड़लागुड़ा टापू बना



**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के इंद्रावती नदी उफान पर है, और जलस्तर खतरे के निशान से 8.3 मीटर को पार कर चुका है। बीजापुर जिले में पिछले 24 घंटे में रिकार्ड 300.3 मिमी बारिश हुई है। लगातार बारिश के चलते ग्राम ताड़लागुड़ा टापू बन गया है, आज तडक़े ताड़लागुड़ा के पोटाकेबिन परिसर में बाढ़ का पानी घुस गया, हालांकि बारिश के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टी घोषित है, लेकिन बाढ़ का दबाव बढऩे से जहां ताड़लागुड़ा का ब्लाक तथा जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, वहीं सीमावर्ती तेलंगाना से बीजापुर जिले का भी संपर्क टूट गया है।

इंद्रावती और गोदावरी के बढ़ते जलस्तर से बीजापुर का भोपालपटनम ब्लाक सर्वाधिक प्रभावित है, लगातार हो रही बारिश से बीजापुर के गंगालूर, चेरपाल, मिरतूर, ताड़लागुड़ा गांवों का संपर्क टूटा हुआ है। इसी तरह इसके दायरे में आने वाले छोटे-बड़े दर्जनों गांवों का संपर्क भी इनसे टूटा हुआ है। बाढ़ के बढ़ते दबाव और इंद्रावती-गोदावरी से बैक वाटर के प्रेशर के मद्देनजर प्रशासन ने कमर कस रखी है, कई स्थानों पर मोटरबोट और लाइफ जैकेट से लैस रेस्क्यू दल को 24 घंटे मुस्तैद रहने की हिदायत दी गई है। पूरे हालात पर प्रशासन नजरें बनाए हुए हैं। जिले के गंगालूर मार्ग पर चेरपाल समेत कई नाले उफान पर है, इसके चलते दर्जनों गांव पिछले कई दिनों से टापू बने हुए है, भैरमगढ़ के मिरतूर में भी रपटा डूबा हुआ है, वही मिनगाचल नदी में आई बाढ़ से निकटस्थ तैनात सीआरपीएफ कैम्प की मुश्किलें बढ़ा रखी है।

# मौसम में हो रहे बदलाव, सामान्य सर्दी खांसी के लक्षणों को न करें नजर अंदाज

- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने खिलाएं पोषणयुक्त आहार

रायगढ़। मौसम में हो रहे बदलाव के चलते सर्दी-बुखार का होना सामान्य बात है। लगातार बारिश और उसके बाद होने वाली तेज धूप के चलते वातावरण वायरस के फैलाव के अनुकूल हो जाता है। ऐसे में हुए बुखार को वायरल बुखार या मौसमी बुखार कहा जाता है। भले ही इस तरह के बुखार चार से छह दिनों में स्वयं ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन इससे होने वाली कमजोरी और अन्य समस्याओं का असर कई दिनों तक बना रहता है। मौसम में बदलाव के आते ही इस तरह के बुखार का होना बहुत सामान्य होता है, किन्तु इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ.सुभाष मिश्रा ने बताया कि इस समय सर्दी-खांसी, जुकाम को बढ़ाने वाले इस्पेटरी वायरस, एडिनो, सिनसाइटल आदि वायरस ज्यादा सक्रिय हैं। यह वायरस तभी सक्रिय होते हैं, जब आद्र्रता अधिक होती है। पानी गिरने के बाद निकली धूप वायरस को अधिक अनुकूल मौसम प्रदान करती है। ऐसी स्थिति में वातावरण में मौजूद यह वायरस लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं। बच्चों को इनसे बचाने के लिए उन्हें गंदगी से दूर रखने, बार-बार भीगने से बचाने की सलाह दी है। उन्होंने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पोषणयुक्त भोजन खिलाने कहा है।

**क्यों होता है वायरल फीवर-** मौसम में बदलाव होने के साथ ही हमारे वातावरण में कई प्रकार के वायरस तेजी से बढऩे शुरू हो जाते हैं। जिन लोगों की रोग प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, उनका शरीर इन वायरस से मुकाबला नहीं कर पाता है। लिहाजा उन्हें बुखार और सर्दी-जुकाम जैसी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। बुखार होना एक तरह की सुरक्षात्मक क्रिया है। जब आप किसी वायरस के संपर्क में आते हैं तो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर का तापमान बढ़ा देती है ताकि वायरस का प्रभाव कम हो जाए।

**वायरल बुखार के क्या लक्षण होते हैं-** वायरल बुखार में सामान्यत: सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार का लंबे समय तक बने रहना और दवाओं के प्रयोग से भी बुखार कम न होना प्रमुख है। बुखार के कुछ और लक्षण हैं जैसे जोड़ों में दर्द होना, शरीर में दाने निकलना, चेहरा फूल जाना और उल्टियां होना। इस तरह का कोई भी लक्षण दिखाई दे तो फौरन अपने डॉक्टर के पास जाएं। अगर बुखार हो गया है तो पूरी तरह आराम करें। जब तक ठीक नहीं हो जाते, गर्म और तरल भोजन जैसे सूप और खिचड़ी खाएं। बीमार होने पर बिना डॉक्टर के परामर्श के स्वयं एंटीबायोटिक दवा और दर्द दूर करने वाली दवाएं न लें। एंटीबायोटिक दवाएं बैक्टीरियां को दूर करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं, वायरस दूर करने के लिए नहीं। ऐसी दवाएं एसिडिटी और पेट की बीमारियों को आमंत्रित करती हैं। बीमारी से बेहतर महसूस करने के बावजूद डॉक्टर द्वारा दी गई दवा का कोर्स पूरा करना चाहिए। दवा के कोर्स के बीच में ही एंटीबायोटिक्स लेना बंद कर देने पर बैक्टीरिया प्रतिरोधी क्षमता विकसित नहीं हो पाती। इससे आपके और आसपास के लोगों के एक बार फिर बीमारी से ग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है।

**वायरल फीवर से कैसे करें बचाव-** उचित खान-पान व नियंत्रित जीवन-शैली से वायरल फीवर कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाता है। लेकिन इससे होने वाली समस्याओं को ठीक करने के लिए डॉक्टर कुछ दर्द निवारक और एंटीबायोटिक दवाएं देते हैं। वायरल फीवर में शरीर को ज्यादा से ज्यादा आराम दें। अगर गले में खराश या दर्द है तो हल्के गर्म पानी में नमक डालकर गरारे करना काफी फायदेमंद होता है। गले के दर्द को ठीक करने के लिए हल्के गर्म पानी में शहद और नमक डालकर भी गरारे कर सकते हैं। बैक्टीरिया से रोकथाम के लिए आवश्यक है कि कीटाणुनाशक लिक्विड हैंडवॉश या साबुन से हाथ बार-बार धोएं। भीड़-भाड़ से दूर रहें और बिना हाथ धोए अपना चेहरा, मुंह और नाक छूने से बचें। बरसात के मौसम में बाहर का कुछ भी तला-भूना खाने से बचें। वायरल बुखार होने पर जब भी खांसी, जम्हाई या छींक आए तो मुंह रुमाल से ढंक लें। शुरूआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क कर डॉक्टर की सलाह लेंवे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480